**आयोजन** | नगरपालिका परिषद बालाघाट एवं मरारमाली महासभा के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत दाम्पत्य बंधन में आबद्ध हुये 100 जोड़े

**नवभारत, बालाघाट।** महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को नमन करते हुए 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती के अवसर पर नगरपालिका परिषद बालाघाट एवं मरारमाली महासभा के संयुक्त तत्वावधान में नगर के तुरकर भवन में 100 नवयुगल का मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत संपन्न हुआ।

मरार माली भवन से दूल्हों के साथ बारात निकाली गई और नाचते-थिरकते हुए विवाह स्थल पर पहुंचकर यहां रीति-रिवाज के अनुरूप धार्मिक परंपराओं के अनुसार सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। अतिथियों ने सभी जोड़ों को स्वस्थ, सुखद, सफल वैवाहिक जीवन की कामना के साथ आशिर्वाद दिया। साथ ही योजना के तहत 49 हजार रूपये के डमी चेक भी दिये गये।

### धार्मिक रीति-रिवाज के अनुरूप हुआ विवाह

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का प्रारंभ महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया जिसके



उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत हुआ। मंडप के हवनकुण्ड में अग्नि प्रज्वलित की गई और पुरोहितों के द्वारा वैवाहिक मंत्रोच्चार किया गया। जहां हिंदू धार्मिक परंपरा के तहत जोड़ों के द्वारा अग्नि के सात फेरे लेकर जीवनसाथी की रक्षा एवं साथ निभाने का वचन देते हुए मांग में सिंदूर भरकर अर्धांगिनी स्वीकार किया। इस आयोजन में 85 जोड़े हिंदू धर्म तथा 5 जोड़े बौद्ध समाज एवं 10 जोड़े आदिवासी समाज पात्रता के अनुरूप सम्मिलित किये गये थे।

### महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है शासन की योजना- नपाध्यक्ष भारती ठाकुर

आयोजन की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका परिषद बालाघाट अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने प्रस्तावना रखी जिसमें उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना का परिणाम है कि सुखद क्षण देखने को मिल रहे है। केन्द्र और प्रदेश की सरकार चिंतन रहता है कि महिलाओं को सशक्त कैसे बनाया जाये इसमें नये आयाम स्थापित किये जा रहे है। विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले माता-पिता को चिंता होती थी कि बेटी के हाथ पीले कैसे किये जाये लेकिन यह जिम्मेदारी अब हमारी सरकार ने ली है जिसका प्रतिफल देखने को मिल रहा है उनके सुखद गृहस्थ जीवन के लिये 49 हजार रूपये भी बेटियों के खाते में दिये जाते है जिससे कि वे आत्मनिर्भर बन सके।

### आर्थिक और सामाजिक विकास के लक्ष्य को पूरा कर रही सरकार : मौसम दीदी

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम दीदी ने कहा कि गरीब के जीवनस्तर को कैसे सुधारा जाये, महिलाओं को आत्मबल कैसे मिले इसलिए अनगिनत योजनाओं का संचालन हमारी सरकार कर रही है, बेटियों के पिता को वैवाहिक चिंता से मुक्त किया गया है। समय-समय पर शहरी एवं तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के आयोजन होते है और असंख्य जोड़े अपने जीवन के नये सफर की शुरूआत करते हुए शासन को धन्यवाद देते है। केन्द्र और राज्य की सरकार के द्वारा आर्थिक और सामाजिक विकास को परिपूर्ण किया है, ऐसी योजनाएं बनी है जिससे हर वर्ग लाभान्वित हो।

### सकारात्मक संदेश देता है सामूहिक विवाह आयोजन :रामकिशोर कावरे

भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मरार माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने अपने संबोधन में सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक विवाह समारोह नहीं है, बल्कि समाज में समानता, सहयोग और एकता का प्रतीक है। पहले गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में कई कठिनाइयाँ आती थी, कई बार संसाधनों के अभाव में विवाह रुक जाते थे। ऐसे समय में इस योजना ने उन परिवारों को सहारा देने का काम किया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग को एक समान अवसर मिले और कम खर्च में गरिमामय विवाह संभव हो सके। इससे न केवल आर्थिक बोझ कम होता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। श्री कावरे ने महिला सशक्तिकरण को लेकर भाजपा सरकार के नीतियों की प्रशंसा की और बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया जा रहा है इसके लिये उन्होंने टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल देकर समर्थन किये जाने का आग्रह किया।

### इनकी रही उपस्थिति

नपा एवं मरार माली महासभा के संयुक्त तत्वावधान में हुये इस मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह आयोजन में प्रमुख रूप से श्रीमती रेखा बिसेन, संजय मिश्रा, सत्यनारायण अग्रवाल, अनिल धुवारे, भाऊराम गाढ़ेश्वर, राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, मीना चावड़ा, नपा सभापति समीर जायसवाल, वकील वाधवा, कमलेश पांचे, संगीता कावरे, पार्षद श्वेता सौरभ जैन, नरगिस खान, विनोद दीनू बसेने, गजेन्द्र भारद्वाज, विशाल मंगलानी के साथ ही खगेश कावरे, विनय बोपचे, मोनिल जैन, सुधीर गुड्डू चौधरी सहित मरारमाली महासभा राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिलास्तर के पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु, मंच संचालन योगिता बापचे एवं जैनेन्द्र कटरे द्वारा किया गया वहीं उपस्थितों का आभार नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन ने व्यक्त किया।



## अवैध रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर की रफ्तार का कहर

▶ एक और युवक आपनी जान गंवा बैठा

**नवभारत।** लालबर्रा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन और ट्रैक्टर की रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा विगत रात्रि अवैध रेत परिवहन के चक्कर में ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक अपनी जान गवा बैठा । जानकारी अनुसार 11 अप्रैल शनिवार रात्रि लगभग 11 बजे ऐसे ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बालाजी आईटीआई मानपुर-लालबर्रा के सामने मोटरसाइकिल सवार को युवक को टक्कर मार दी जिसमे मोटरसाइकिल सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और मौके व अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया मृतक की पहचान दिनेश उर्फ डिल्लू यादव उम्र 25 वर्ष निवासी आमा टोला लालबर्रा निवासी के रूप में हुई सूत्रों के अनुसार डिल्लू रात्रि के समय बाईक से कहीं जा रहा था तभी अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया । टक्कर इतनी भयंकर थी कि यूवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वैसे तो पूरे क्षेत्र में अवैध रहित परिवहन कर रहे वाहनों की धर पकड़ चालू है मगर लालबर्रा क्षेत्र इससे अछूता है जो कि किसी सरकारी मिली-भगत का परिणाम दिखाई देता महसूस होता है ।

## किरनापुर में फुले-अंबेडकर जयंती पर ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी

▶ रैली, वंदना और 'भीम दीवाने' ऑर्केस्ट्रा से गूंजेगा शहर, जन-जन का मिल रहा सहयोग

**नवभारत, किरनापुर।** किरनापुर इस बार महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। 13 और 14 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।आयोजन की खास बात यह है कि इसमें समाज के हर वर्ग का सहयोग मिल रहा है। जनप्रतिनिधियों से लेकर सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों तक, सभी मिलकर इस आयोजन को भव्य और यादगार बनाने में जुटे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 13 अप्रैल की रात 10 बजे से होगी, वहीं 14 अप्रैल को सुबह बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और अनुयायियों द्वारा वंदना के साथ मुख्य आयोजन शुरू होगा। इसके बाद शोभायात्रा, महाप्रसाद वितरण और विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान और भोज का आयोजन किया जाएगा।

वहीं रात 10 बजे 'भीम दीवाने' ऑर्केस्ट्रा इस आयोजन को खास आकर्षण प्रदान करेगा, जिसे देखने के लिए युवाओं में खास उत्साह है। आयोजक समिति का कहना है कि इस बार का आयोजन अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक होगा, जो सामाजिक एकता और जागरूकता का संदेश देगा।

# शैलेश स्मृति समारोह में सम्मानित हुए पं . सुधाकर शर्मा

**नवभारत, बालाघाट।** नगर के राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार- गीतकार पं. सुधाकर शर्मा को गत दिवस सतना की 'गीतम ' संस्था ने सुप्रसिद्ध गीतकार कीर्ति शेष डॉ. सुमेर सिंह शैलेश की जयंती पर आयोजित साहित्यकार दिवस समारोह में सम्मानित करते हुए शैलेश जी और पं. सुधाकर शर्मा के कृतित्व साम्य और आत्मीय घनिष्ठता को रेखांकित किया ! साहित्यकार दिवस के मुख्य अतिथि पं.सुधाकर शर्मा ने इस अवसर पर सतना नगर के साहित्यिक - सांस्कृतिक सरोकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आश्चर्य है कि



प्रोफेसर डॉ सुमेर सिंह शैलेश के शिष्य आज सांसद, विधायक, महापौर जैसे पदों पर प्रतिष्ठित हैं, फिर भी उनकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शैलेश मार्ग, शैलेश स्मृति द्वार, शैलेश पार्क और शैलेश प्रतिमा कहीं भी नहीं हैं ! शर्मा ने कहा कि शैलेश जी की स्मृति से नयी पीढ़ी परिष्कृत और सुसंस्कृत हो सकती है,वे अजस्त्र प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। पं. सुधाकर शर्मा के प्रति सांसद गणेश सिंह,सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,सतना के विश्वविद्यालय के कुलपति हर्षवर्धन जी, प्रोफेसर सत्येंद्र शर्मा,डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय, गीतकार लल्लू तिवारी मिर्जापुर, कृष्णावतार राही, रमाशंकर पांडे विकल, रामनरेश तिवारी,सुदामा शरद सहित उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने करतल ध्वनि से समर्थन व्यक्त किया ! इस अवसर पर विशेष अतिथि अमर पाटन विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह ने अपने ताऊ जी डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन और सुमेर सिंह शैलेश जी की अंतरंगता का सम्मान करते हुए कहा कि पं. सुधाकर शर्मा जी के सभी रचनात्मक सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं,हम आश्वस्त करते हैं कि आनेवाले समय में हम सभी विविध दलों के जन प्रतिनिधि शैलेश जी की स्मृति में कुछ बेहतर करेंगे ! उनकी मूर्ति स्थापना, स्मृति द्वार, मार्ग शैलेश जी के नाम पर मार्ग करण कराने की दिशा में निश्चित रूप से पहल करेंगे ! विचार संगोष्ठी के बाद देर रात तक आगंतुक कवियों - कवयित्रियों ने शैलेश जी को काव्यांजलि देकर साहित्यकार दिवस को आगामी वर्ष में विशाल रूप से मनाने का संकल्प पारित किया ! विचार संगोष्ठी का संचालन डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय ने और कवि सम्मेलन का संचालन सुमधुर गीतकार लल्लू तिवारी ने किया।

## कृषि अधिकारियों ने नाहरवानी में किया फसलों का निरीक्षण

**बालाघाट ।** जिले के कृषि विभाग द्वारा किसानों को बेहतर खेती के लिए प्रोत्साहित करने एवं फसलों की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से निरंतर मैदानी निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय एवं सहायक संचालक श्री राजेश खोबरागड़े ने शनिवार 11 अप्रैल को बालाघाट विकासखंड के ग्राम नाहरवानी का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कृषक चितरंजन घरडे के खेत पहुंचकर उड़द एवं तिल की फसल का अवलोकन किया। उन्होंने फसलों की वृद्धि, पौधों की स्थिति एवं खेत प्रबंधन की जानकारी लेते हुए किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से समझाया।


## महिला सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में शनिवार को वर्चुअल कक्ष में 'नारी वंदन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. मराठे ने कहा कि नारी की भूमिका समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। नारी के बिना समाज की उन्नति, प्रगति और निरंतरता की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, ऐसे में समाज में नारी का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है।

## नर्सरी स्कूल संचालन में अनियमितताओं की शिकायत, जांच की मांग

**नवभारत, बालाघाट।** जिले के लामता क्षेत्र के ग्राम नेवरगांव (चरेगांव) में संचालित आई.पी.एस. नर्सरी एजुकेशन स्कूल को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है। जनपद सदस्य महेन्द्र पटेल द्वारा संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर स्कूल संचालन की जांच कराने की मांग की गई है।

शिकायत पत्र में बताया गया है कि ग्राम नेवरगांव में संचालित आई.पी.एस. नर्सरी एजुकेशन स्कूल (रूद्र प्रताप सिंह शिक्षा समिति) के संचालन में कई नियमों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन




द्वारा जिस स्थान पर स्कूल संचालन की अनुमति ली गई थी, उसके बजाय किसी अन्य स्थान पर विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

इसके अलावा स्कूल आने-जाने वाले छोटे बच्चों को लाने-ले जाने के लिए जिस वाहन का उपयोग किया जा रहा है, उसमें परिवहन संबंधी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। वाहन बिना उचित अनुमति के संचालित होने की भी बात शिकायत में कही गई है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्कूल का संचालन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए आवास में किया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है। वहीं जिस स्थान पर स्कूल चलाया जा रहा है उसके पास पानी से भरा तालाब भी मौजूद है, जिससे कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं, स्कूल के पास मोबाइल टॉवर लगा होने से निकलने वाली किरणों से बच्चों को नुकसान होने की संभावना भी जताई गई है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि स्कूल में पढ़ाने वाले बच्चों को देखरेख के लिए जो स्टाफ नियुक्त किया गया है, वह पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं है। इन सभी बिंदुओं को गंभीर बताते हुए जनपद सदस्य ने स्कूल प्रबंधन द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं की जांच कराने और नियम विरुद्ध संचालित हो रहे स्कूल के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि बच्चों की सुरक्षा और भविष्य सुरक्षित रह सके। शिकायत की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश शासन के प्रभारी मंत्री, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, कलेक्टर बालाघाट, पुलिस अधीक्षक तथा जिला शिक्षा अधिकारी को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## होम्योपैथी चिकित्सक संघ द्वारा मनाई गई डॉ . सैमुअल हैनिमैन की जयंती

**नवभारत, बालाघाट।** विदित हो कि दिनांक 10 अप्रैल 2026 को बालाघाट में परदेस लॉन में विश्व होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष में होम्योपैथिक चिकित्सक संघ के द्वारा होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिन के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट डॉक्टर परेश उपलप एवं कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रीय स्वयं संघ के जिला प्रमुख वैभव कश्यप उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर सैमुअल हैनिमैन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया । कार्यक्रम मे आए अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र दीक्षित द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सकों को फील्ड में आने वाली परेशानियों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य




अधिकारी को अवगत कराते हुए अपने चिकित्सीय अनुभव को सभी चिकित्सकों के साथ साझा किया ।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के जिला प्रमुख राजा राम चक्रवर्ती ने स्वयं एवं स्वयं के परिवार को होम्योपैथिक दवाइयां से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के विषय में अपने अनुभवों को साझा किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर परेश उपलप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट ने होम्योपैथी चिकित्सकों को पंजीयन सहित किसी भी प्रकार की क्लीनिक संचालन में होने वाली परेशानियां पर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए कहा कि कहा कि कोविड जैसे समय में आपके द्वारा जनता के लिए किए गए निस्वार्थ कार्य बहुत ही सराहनी है साथ ही होम्योपैथी के चिकित्सकों के सामने बालाघाट में दूरस्थ अंचलों में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन करने का सुझाव दिया।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लॉक परसवाड़ा द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन



**नवभारत परसवाड़ा।** आज दिनांक 11 अप्रैल 2026 दिन शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लॉक परसवाड़ा के नेतृत्व में हनुमान मंदिर परसवाड़ा से संयुक्त विशाल रैली का प्रदर्शन आयोजन कर सांसद महोदया माननीय श्रीमती भारती पारधी जी को ज्ञापन सौंपा गया ! इसके दौरान ब्लॉक परसवाड़ा भर के पहुंचे पांच सौ शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने दो सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली निकाली !

विशाल रैली हनुमान मंदिर परसवाड़ा से होते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परसवाड़ा कार्यालय तक पहुंची जहां प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा शिक्षकों की प्रमुख मांगों में शिक्षक पात्रता परीक्षा ज्ञश्वज्ञ को निरस्त करना तथा नवीन शैक्षणिक शिक्षक वर्ग की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से की जाने हेतु शामिल रही । संयुक्त मोर्चा के संयोजक रामलाल शरणागत एवं सदस्य सुरेंद्र कुमार पडवारे ने बताया कि इस आंदोलन में विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुटता दिखाई इसमें आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ,शासकीय शिक्षक संघ ,प्रांतीय शिक्षक संघ, राज्य अध्यापक शिक्षक संघ, TWTA परसवाड़ा, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस संघ, परसवाड़ा, PMUMS मध्य प्रदेश शिक्षक संघ , शामिल रहे ।

### इनकी रही उपस्थिति

आज के विशाल रैली का नेतृत्व रामलाल शरणागत जी सीआर चौधरी , चंद्रभान क्षीरसागर जी ,मनीष ब्रम्हे ,नरेंद्र डोंगरवार प्रमोद गौतम हिमांशु घोड़ेश्वर सुरेंद्र कुमार पडवारे संतोष मेश्राम योगेश कटरे, ,एवं नूतन कुमार धारने, हेमन्त कुभरे शारदा प्रसाद , चौरठे, केशव चौधरी दिमाक चंद पटले हितेश लांगे , राकेश टेंभरे, देवेंद्र बिसेन खेमराज ठाकरे ,देवेंद्र बिसेन ,मुलाम शरणागत, धन सिंह पुशाम जी, मीनाक्षी गौतम गंगेश्वरी चौहान, शारदा पटले, मीरा टेंभरे ममता चोरठे, रामप्यारी उयके, लक्ष्मी कनेरिया, पुष्पलता बिसेन, शर्मिला चौधरी रश्मि चौहान दुर्गेश नंदनी कटरे, कुसुमलता भैरम प्रभावती पड़वार, दुलेश्वरी पटले प्रमिला हरिनखेड़े, सुनीता टेंभरे ममता राहंगडाले पुष्पा चौधरी, ममता ठाकरे शालिनी बाजपेयी बबीता कटोरा मीणा कोलटकर योगेश्वरी नगपुरे सहित अनेक शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## अमोली- समनापुर मार्ग में नाली व पुलिया निर्माण को मिली गति

▶ श्रेय लेने की होड़ आरोप - प्रत्यारोप प्रारंभ

**नवभारत लालबर्रा ।** निर्माणधीन अमोली समनापुर रोड जिसमें पानी की उचित निकासी एवं जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय वार्ड वासियों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा था समस्या को देखते अनूपुरक बजट में हुए सीसी नाली एवं बाक्स कलवर्ट पुलिया हेतु अतिरिक्त बजट की स्वीकृति मिली और समय रहते वार्ड वासियों की समस्या का निराकरण हुआ तो सही मगर इसके कार्य के श्रेय लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर प्रारंभ हो गया ।

गौरतलब हो कि हालिया दिनों ही निर्माणधीन सड़क की हाईट और



मकानों में जलभराव की स्थिति को देखकर निर्माणधीन सड़क के साईड इंचार्ज के साथ स्थानीय निवासी नीरज पशीने पर मारपीट का आरोप लगा था तत्पश्चात विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा कार्य निरीक्षण किया गया जहां पर पुन: विधायक महोदया व नीरज पशीने के बीच काफी तल्खी भरी वार्ता देखने में आई थी। बहरहाल मामले का निराकरण हुआ और कार्य को प्रगति मिली।

### इनका कहना है

सड़क निर्माण पश्चात भविष्य में होने वाली जलभराव की समस्या के लिए मैं लगातार आवाज उठाता रहा जिसमें इस विषय को लेकर मेरी स्थानीय विधायक से भी वाद विवाद की स्थिति निर्मित हुई अंतत:: मेंरी बातों को बल मिला और पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन व नानू कावरे जी के प्रयास से कलेक्टर महोदय द्वारा स्थल निरीक्षण करवा नाली व बाक्स- कलवर्ट पुलिया के कार्य को प्रगति मिली मगर विधायक व कांग्रेसी इस कार्य का झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रहे है-

**नीरज पशीने, वार्डवासी व भाजपा नेता**

यह कोई विधायक निधि का काम तो है नहीं उन्होंने तो स्वयं बोला था कि आप अपनी व्यवस्था स्वयं संभाले यह काम माननीय गौरी शंकर बिसेन और रामकिशोर कावरे की अथक प्रयासों से संभव हुआ हमने उनसे निवेदन किया था तब उन्होंने कलेक्टर साहब को जानकारी दी तब कलेक्टर महोदय ने अनुपूरक बजट में इस काम को जुड़वाया ।विधायक इस काम का झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रही ।

**संजू अवधिया, नगर अध्यक्ष भाजपा**

## 'गांव का पानी गांव में, जल है तो कल है' का दिया संदेश, जल चौपाल का आयोजन

**बालाघाट ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद, विकासखंड बालाघाट द्वारा कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम धनसुआ में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास



प्रस्फुटन समिति धनसुआ द्वारा जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन, विकासखंड समन्वयक वैजयंती कटरे एवं सीएम इंटर्नशिप के अजीत कुमार की उपस्थिति में ग्रामीण महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान 'गांव का पानी गांव में' और 'जल है तो कल है' जैसे जागरूकता नारों के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम के समीप स्थित घीसर्री नदी में जल स्तर बनाए रखने के उद्देश्य से श्रमदान एवं जन सहयोग से 185 बोरियों का बोरी बंधान कार्य किया गया। इस पहल से जल संग्रहण को बढ़ावा देने और भू-जल स्तर सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक सुशील बर्मन द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं नागरिकों के साथ जल संरक्षण विषय पर जल चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि समय के साथ जलस्तर लगातार घटता जा रहा है, ऐसे में जल को रोकना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है।

## धान संबंधी शोध कार्यों का किया निरीक्षण

**बालाघाट।** कृषि महाविद्यालय बालाघाट के मुरझड़ फार्म में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धान अनुसंधान को नई दिशा देने वाले महत्वपूर्ण शोध कार्यों के निरीक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान मनीला (फिलीपींस) के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. जौहर अली का आगमन हुआ।

यह दौरा मध्यप्रदेश शासन की पहल पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय



धान अनुसंधान संस्थान मनीला (फिलीपींस) के बीच हुए समझौते के अंतर्गत चल रहे संयुक्त शोध कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान धान फसल में भविष्य उन्मुख सुधार के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें बौनी (ड्वार्फ) प्रजातियों का विकास, चावल में जिंक एवं आयरन जैसे पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाना, प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास तथा दो-लाइन थर्मोसेंसिटिव जेनेटिक मेल स्टेरिलिटी तकनीक के माध्यम से उन्नत शंकर बीज उत्पादन शामिल है।